कान्हा तोहे काहू दिन मजा चखाए दूंगी

कान्हा तोहै काऊ दिन मजा चखाय दूंगी,
मत फोड़े मेरी मटकी,
मत फोड़े मेरी मटकी,
मत फोड़े दही की मटकी,
कान्हा तोहै काऊ दिन मजा चखाय दूंगी.....

मटकी फोड़ अंगना में गिराऊ,
सखियन संग तेरे घर को जाऊं,
तोहै ओखल ते बंधवाए दूंगी,
मत फोड़े मेरी मटकी,
कान्हा तोहै काऊ दिन मजा चखाय दूंगी.....

एक कमरिया कारी टोपी,
रतन जड़ित आभूषण मोपे,
तेरी मैया को दिखला दूंगी,
मत फोड़े मेरी मटकी,
कान्हा तोहै काऊ दिन मजा चखाय दूंगी.....

गले को हरवा गेर जाऊं लाला,
फंसे फिरोगे सारे ग्वाला,
चोरी में नाम लिखा दूंगी,
मत फोड़े मेरी मटकी,
कान्हा तोहै काऊ दिन मजा चखाय दूंगी.....

तेरी मेरी प्रीत पुरानी,
तन्ने कान्हा ना पहचानी,
तोहै हृदय बीच बसाए लूंगी,
मत फोड़े मेरी मटकी,
कान्हा तोहै काऊ दिन मजा चखाय दूंगी.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/31951/title/kanha-tohe-kahu-din-maza-chkhaye-dungi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |